अनुसूचित जाति / जनजाति कल्याणर्थ प्रकोष्ठ
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकःअनु.जाति / जनजाति / प्रकोष्ठ / 2016 / 1548 दिनांक 30/8/2016

प्रति,
प्राचार्य,
जीवाजी विश्वविद्यालय नोडल केन्द्र से
संबंधित अशासकीय महाविद्यालय,
जिला, ग्वालियर

विषय – सत्र 2016–17 की छात्रवृति हेतु दिशा निर्देशों का पालन करने हेतु।
महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि सत्र 2016–17 छात्रवृति कार्य शीघ्र प्रारम्भ होने वाला है। पूर्व वषों में प्रायः यह देखने में आया है कि सत्र प्रारम्भ से लेकर समाप्ति तक महाविद्यालयों से छात्र / छात्राओं के छात्रवृति आवेदन पत्र जीवाजी विश्वविद्यालय, नोडल पर प्राप्त होते रहे इस कारण शासन के दिशा निर्देशों के परिपालन में निश्चित समयावधि कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण कलेक्टर महोदय, जिला ग्वालियर के द्वारा नाराजगी जाहिर की जाती रही है। इस संबंध में आपसे अनुरोध है कि सत्र 2016–17 की छात्रवृति के लिये सहायक संचालक, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण, ग्वालियर की ओर से प्राप्त दिशा निर्देश आपकी ओर प्रेषित किये जा रहे हैं जिसके परिपालन में छात्रवृति कार्य संपादित करें जिससे कि समयावधि में कार्य पूर्ण हो सके। छात्र / छात्राओं के छात्रवृति आवेदन पत्रों की एक छाया प्रति समस्त अभिलेखों के साथ महाविद्यालय में सुरक्षित रखें जिससे कि किसी आवेदक के द्वारा सूचना का अधिकार के तहत जानकारी मांगने पर उपलब्ध कराई जा सके।

इसके साथ ही आपको सूचित किया जाता है कि सत्र 2016–17 में प्रवेशित नवीन एवं नवीनीकरण के समस्त एस.सी, एस.टी. एवं पिछड़ा वर्ग छात्र / छात्राओं की प्रवेश सूची (उच्चशिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा मंडल, आर.जी.व्ही.बी, आई.एन.सी.) पाठयक्रम जिस भी विभाग से सम्बद्ध हो उसके द्वारा अनुमोदित, पृथक–पृथक इस कार्यालय की ओर भेजना सुनिश्चित करें।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपि –

1. श्रीमान कलेक्टर महोदय, जिला, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

प्रभारी
अनु.जाति / जनजाति प्रकोष्ठ

अनुसूचित जाति / जनजाति कल्याणर्थ प्रकोष्ठ
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक अनु.जाति / जनजाति / प्रकोष्ठ / 2016 / 1546 दिनांक 29/8/2016

प्रति,
प्राचार्य,
जीवाजी विश्वविद्यालय नोडल से संबधित,
अशासकीय महाविद्यालय, ग्वालियर

विषय – छात्रवृति पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का निराकरण करने हेतु।
संदर्भ – [redacted] पत्र क्रमांक छात्रवृति / बैठक / 03 / 2016–17 / 846 दिनांक 26.08.16

महोदय,

उपरोक्त विषय में लेख है कि सहायक संचालक, पिछड़ा वर्ग कार्यालय के पत्र का कृपया अवलोकन करना चाहे। म.प्र. छात्रवृति पोर्टल पर आपके महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं के छात्रवृति प्रकरण लंबित दिख रहे हैं आपको बार–बार अवगत कराने के उपरान्त भी इनका निराकरण नहीं किया गया है। इसके संबंध में जिला कलेक्टर महोदय द्वारा नाराजगी जाहिर की जा रही है।

अतः आपसे अनुरोध है कि लंबित छात्रवृति प्रकरणों को दिनांक 03.09.2016 तक जीवाजी विश्वविद्यालय नोडल पर अनिवार्यतः प्रस्तुत करें। यदि प्रकरण स्वीकृति योग्य नहीं हैं तो उन्हें स्थाई रूप से निरस्त करने का कष्ट करें।

प्रभारी
एस.सी. / एस.टी प्रकोष्ठ

प्रतिलिपि –

1. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. श्रीमान सहायक संचालक महोदय, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, जिला, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रभारी
एस.सी. / एस.टी प्रकोष्ठ

कार्यालय कलेक्टर (पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग) जिला ग्वालियर

(कक्ष क्र 122 से 124 तक पुरानी कलेक्ट्रेट गोरखी लश्कर ग्वालियर फोन 2458680 ईमेल–adbmwgwa@mp.gov.in

क्र./छात्रवृत्ति/बैठक/03/2016–17/ 846 ग्वालियर दिनांक 26/8/016

प्रति,

1. रजिस्ट्रार/नोडल अधिकारी
   जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर
2. अधिष्ठाता/प्राचार्य/नोडल अधिकारी
   शासकीय महाविधालय (जिले के समस्त)

विषयः– छात्रवृत्ति संबंधी समीक्षा बैठक में दिनांक 29.08.2016 को उपस्थित होने बावत्।

विषयान्तर्गत लेख है कि पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति वर्ष 2015–16 में स्वीकृति हेतु लंबित प्रकरणों की निराकरण के संबंध में कईबार इस कार्यालय में बैठक आयोजित की जा चुकी हैं। परन्तु छात्रवृत्ति पोर्टल पर अभी भी कुछ महाविद्यालयों के लंबित प्रकरण दर्शित हो रहे है जिससे वरिष्ठ लेबल पर ग्वालियर जिले के प्रति अप्रशन्नता व्यक्त की जा रही है।

अतः दिनांक 29.08.2016 को समय 2:30 बजे निम्न विन्दुओं पर चर्चा हेतु जानकारी के साथ छात्रवृत्ति प्रभारी को अनिवार्य रूप से इस कार्यालय में उपस्थित होने हेतु भेजें।

1. वर्ष 2015–16 के लंबित प्रकरणों की समीक्षा
2. वर्ष 2016–17 छात्रवृत्ति विषय पर चर्चा
3. अन्य नोडल स्तर पर अन्य कोई समस्या

सहायक संचालक
पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण
जिला–ग्वालियर

पृ.क्र./छात्रवृत्ति/बैठक/03/2016–17/ ग्वालियर दिनांक

प्रतिलिपिः–

1. आयुक्त महोदय, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण म.प्र. भोपाल।
2. कलेक्टर महोदय जिला ग्वालियर ।

सहायक संचालक
पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण
जिला–ग्वालियर